संक्षिप्त

डॉ.गुनसारिया सम्मानित

टोंक। डॉ अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी राजस्थान जयपुर के तत्वावधान में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर एसोसिएट प्रोफेसर केमिस्ट्री डॉ. आर के गुनसारिया डॉ. अम्बेडकर सम्मान मैडल से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, महिला बाल विकास एवं आयोजन विभाग मंत्री ममता भूपेश बैरवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री टीकाराम जूली, सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजनलाल जाटव व डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. भजनलाल रोलन, कोषाध्यक्ष रामसहाय वर्मा, अनिल गोठवाल की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

राजपूत सभा चुनाव 17 अप्रैल को

चाकसू, (निसं)। आगामी 17 अप्रैल को श्री राजपूत सभा में चुनाव होने जा रहे हैं जिसमें अध्यक्ष प्रत्याशी के रूप में क्षेत्रीय निवासी रामसिंह चंदलाई एवं कार्यकारिणी के विभिन्न पदों के लिए उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, महामंत्री पद बलवीर सिंह हाथोज, संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत, सह मंत्री मोहन सिंह बगड, कोषाध्यक्ष प्रदुमन सिंह मूंडरू और 15 कार्यकारिणी सदस्य अजयपाल सिंह पचकोडिया, अजयवीर सिंह जीरोता, गजराज सिंह कैलाई, जोगेंद्र सिंह सावरदा, जितेंद्र सिंह शेखावत, नटवर पुथ्वी सिंह कालीपहाडी, मूल सिंह शेखावत, महेंद्र सिंह भवरथला, लोकेंद्र सिंह लोटवाडा, वीरेंद्र पाल सिंह, सरवन सिंह चौहान लवाण, सुरेंद्र सिंह नरूका, हेमेंद्र कुमारी दूदू ,हर्षवर्धन सिंह शेखावत चुनाव लड रहे हैं।

बनवारीलाल उपप्रधान मनोनीत

कोटपूतली। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा कोटपूतली निवासी बनवारीलाल जांगिड़ को महासभा का राष्ट्रीय उपप्रधान मनोनीत किया है। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली के प्रधान रामपाल जांगिड़ ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने कोटपूतली क्षेत्र निवासी बनवारीलाल जांगिड़ को राष्ट्रीय उपप्रधान, मामराज जांगिड़ को संगठन मंत्री व कोटपूतली निवासी विनोद कुमार जांगिड़ को भी संगठन मंत्री मनोनीत करते हुए उन्हे कार्यभार सौंपा।

अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर जब्त

निवाई। बरोनी थाना पुलिस ने शुक्रवार को अवैध बजरी से भरे दो ट्रेक्टर-ट्रोली जब्त किए हैं। बरोनी थानाधिकारी जगदीश मीणा ने बताया कि शुक्रवार को गश्त के दौरान मंडावर से नटवाडा रोड पर दो ट्रैक्टर नदी से अवैध बजरी भरकर आते हुए नजर आए। पुलिस को देखकर चालक ट्रेक्टरों को छोडकर फरार हो गए। ट्रैक्टरों में अवैध बजरी भरी होने पर पुलिस ने जब्त कर लिया और थाने लाकर खडा करवा दिया।

विषाक्त पदार्थ खाने से युवक बेहोश

कोटपूतली। ग्राम कारौली निवासी एक युवक के विषाक्त पदार्थ खा लेने से बेहोश हो जाने पर चिकित्सकों ने उसे जयपुर रैफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि युवक के परिवारजनों के बताये अनुसार ग्राम कारौली निवासी अर्जुन पुत्र ओमप्रकाश सिंह राजपूत ने गांव में ही विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिसे बेहोशी की हालत में बीडीएम अस्पताल लेकर आये। जहां से उसे जयपुर रैफर कर दिया।

नारायणपुर में पानी की किल्लत से आमजन परेशान

नारायणपुर, (निसं)। गर्मी की शुरुआत होते ही कस्बे में इन दिनों जलदाय विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते वार्ड 13 के खोड मोहल्ला में काफी समय से आमजनों को पीने के पानी की बूंद-बूंद को तरसना पड़ रहा है।

महिला बसंती, मनभरी, धोली, मेवा ने बताया कि जलदाय विभाग की पाइप लाइन में करीब 70 नल कनेक्शन हैं, जलदाय विभाग के स्थानीय स्टाफ की लापरवाही के चलते करीब 10 कनेक्शनों में ही पानी आता है। इससे मोहल्ले की महिलाओं

- आक्रोशित महिलाओं ने प्रदर्शन की चेतावनी दी

को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है । महिलाओं ने बताया कि फिलहाल मोहल्ले में एक सिंगल फेस बोरिंग है, इसमे भी आधा घंटा बंद करने के बाद 2 बाल्टी पानी आता है।

इससे दिनभर महिलाएं तेज चिलचिलाती धूप में खडी होकर अपनी बारी का इंतजार करती रहती है। हद तो

नारायणपुर में सिंगल फेस बोरिंग पर पानी भरने के लिए महिलाओं की लम्बी लाइन में लगी।

यह है कि लोग बार-बार ग्राम पंचायत सरपंच, जलदाय विभाग अधिकारीयों से समस्या समाधान की गुहार कर रहे हैं इसके बावजूद उनकी सुद नहीं ली जा रही है। इससे मोहल्ले की महिलाओं में सरपंच, जलदाय विभाग के प्रति रोष बना हुआ है। आक्रोशित महिलाओं ने जलदाय विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विभाग द्वारा एक सप्ताह में पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया गया तो महिलाओं द्वारा जलदाय कार्यालय का घेराव कर मटका फोड़ प्रदर्शन किया जायेंगा।

इधर एईएन युवराज सैनी ने बताया कि पेयजल समस्या का जल्द समाधान कर दिया जायेगा। इस मौके पर समाजसेवी राकेश दायमा, सुंदर मीणा, छाजी देवी, अनीता, कश्मीरा, कृष्णा, पूजा, कमलेश, रामा, उगंता, लीली, मेनका, रेखा, निर्मला, दीया सहित बडी संख्या में महिलाएं मौजूद थी ।

दिव्यांग विद्यार्थियों व अभिभावकों का काउंसिलिंग शिविर सम्पन्न

कोटपूतली। कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित श्री अमर कृष्ण शिक्षण संस्थान में दिव्यांग विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का काउसलिंग शिविर सम्पन हुआ।

संस्थान के अध्यक्ष अंशुमान शर्मा ने बताया कि शिविर में 67 दिव्यांग विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने भाग लिया। दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ 25 वर्ष से विशेष शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही वरिष्ठ काउंसलर मालती शर्मा ने दिव्यांग बालक-बालिकाओं की शिक्षा पद्धति, व्यवहारिक समस्याओं, रहन-सहन, खान-पान व उनकी विशेष आवश्यकताओं पर जानकारी दी तथा उन्होंने प्रत्येक दिव्यांग की कैटेगरी के अनुसार शिक्षण की विधियों के बारे में बताया। संस्थान के अध्यक्ष अनशुमान शर्मा ने दिव्यांग विद्यार्थियों को केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संस्थान के उपाध्यक्ष अमन भार्गव ने कहा कि दिव्यांग बालकों की सेवा व सहायता करना प्रभु की सेवा के समान है। अध्यक्ष शर्मा, उपाध्यक्ष भार्गव द्वारा दिव्यांग विधार्थियो की शिक्षा हेतू 50 हजार रूपये राशी के उपकरण उपलब्ध करवाने की घोषणा की। निजी विधालय संगठन के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद मिश्रा ने सभी अभिभावको व संस्था के पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया।

सार-समाचार

शोभायात्रा में गूंजे हनुमान के जयकारे

पावटा, (निसं)। उपखंड पावटा किला धाम स्थित श्री हनुमान मंदिर बजरंग मेला कमेटी किला धाम के तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का कस्बे के मुख्य मार्गों में पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा किला धाम हनुमान मंदिर के प्रांगण से चलकर घंटाघर चौक से होते हुए मुख्य मार्गों से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा के साथ चल रहे श्रद्धालुओं ने बालाजी के भजन का गुणगान किया गया, जिससे हनुमान जी के जयघोष से शहर गूंजायमान हो गया। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में भगवान हनुमान जी की झांकी, भगवान श्रीराम राम की झांकी, माता जी की झांकी, लव-कुश की झांकी व अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, जबकि आसमान में आतिशबाजी का नजारा देखने योग्य रहा। उन्होंने बताया कि आज रात को मंदिर में रात्रि में जागरण के लिए सिसोदिया म्युजिकल ग्रुप किशनगढ़ बास द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। वही 16 अप्रैल को सुबह हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसके उपरांत हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा और सामूहिक आरती की जाएगी। शाम को विशाल मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन किया जायेगा।

युवाओं की अनूठी पहल, शुरू की प्याऊ

चाकसू, (निसं)। कस्बे के सेवाभावी नव युवकों ने एक अनूठी पहल करते हुए अपने निजी खर्चे पर कस्बे के प्रमुख स्थानों पर आमजन को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए ठंडे पानी की प्याऊ लगाई है जो गर्मी के मौसम में लोगों को राहत दे रही है। सेवाभावी नवयुवकों ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा और किसी के दिल से निकला आशीर्वाद आपके खुशियां दे सकता है को धेय मानकर स्थानीय युवकों ने मिलकर कस्बे में सेवार्थ फाउंडेशन की शुरुआत की है जिसमें किसी भी प्रकार का पद वगैरह का गठन नहीं किया गया है केवल लोगों की सेवा के लिए फाउंडेशन शुरू किया गया है जो गर्मी के मौसम 3 महीनों तक पिछले 4 वर्षों से कस्बे के विभिन्न स्थानों पर ठंडे पानी की प्याऊ लगाकर लोगों को राहत दे रही है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि वर्ष भी कस्बे के कोटखावदा मोड़ स्थित अंबेडकर सर्किल फागी मोड एवं शीतला माता बस स्टैंड पर गुलाब जल के साथ ठंडे पानी की प्याऊ लगाकर आमजन एवं राहगीरों की प्यास बुझा कर गर्मी से राहत दे रहा है। जहां प्रात: 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक लोगों को पानी पिलाया जाएगा।

ड्रग्स एक्ट की जानकारी दी

कोटपूतली। कोटपूतली व पावटा दवा संगठन की एक बैठक हाईवे स्थित एक निजी होटल में आयोजित हुई। जिसमें अधिकारियों द्वारा ड्रग्स एक्ट की विस्तार से जानकारी दी। संगठन के पदाधिकारी घनश्याम आथोनिया व सुनील शर्मा ने बताया कि ड्रग डिपार्टमेंट के अधिकारी महेंद्र सिंह शेखावत, एडीसी अरुणा मीणा, मुकेश चौधरी, रामप्रसाद कुमावत, कमल किशोर गुप्ता व अशोक गोयल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। साथ ही सभी दवा व्यापारियों ने शपथ ली की वे बिना बिल की दवाइयां ना क्रय-विक्रय करेंगे तथा ना ही नशे से संबंधित दवाइयों का व्यापार करेंगे। कार्यक्रम में कोटपूतली, पावटा के केमिस्ट बडी संख्या में पहुंचे। इस मौके पर दिनेश, गोपाल, सुभाष, संजय, घनश्याम कसाना, अशोक शर्मा, भारत बंसल, महेंद्र गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, महासिंह, ज्योति स्वरूप, अनिल मंगल, अशोक चौधरी, मुकेश बंसल, मनोज कुमार, बजरंगलाल आदि केमिस्ट उपस्थित थे।

स्वैच्छिक रक्तदान किया

कोटपूतली। भाजपा नेता मुकेश गोयल की पहल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर 2015 से शुरू हुआ रक्तमणि कार्यक्रम 2406 दिनों से लगातार जारी है। रक्तमणि अभियान में शुक्रवार को स्थानीय कृष्णा अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में विकास सोनी पुत्र महेश चन्द सोनी निवासी मौहल्ला सराय ने सोनी अस्पताल जयपुर में भर्ती मरीज बाबूलाल योगी को एबी नेगेटिव रक्त की आवश्यकता पडने पर स्वैच्छिक रक्तदान किया एवं हनुमान प्रसाद कसाना पुत्र हरदान कसाना निवासी ग्राम सुन्दरपुरा, देवेन्द्र यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी आदर्श नगर कोटपूतली तथा पिन्टू सैनी पुत्र लालाराम सैनी निवासी कोटपूतली ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तमणि संयोजक मुकेश गोयल, आशुतोष बंसल (शेरू), विकास जांगल, हरिद्वारी जांगिड उपस्थित रहे।

भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक मनाया

फुलेरा। फुलेरा कस्बे में श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक बडे ही धूमधाम से मनाया गया। समाजसेवी कमोद छाबडा ने बताया कि इस अवसर पर प्रात: 5 बजे प्रभातफेरी के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए श्री आदिनाथ जिनालय पहुंची। इस दौरान जगह-जगह भगवान की आरती की गई तथा श्रीफल भेंट किये गए। वहीं मन्दिर में भगवान के कलशाभिषेक किया गया तथा माला की बोली सुबोध कुमार, कमोद कुमार व नरेश कुमार छाबडा ने ली। साथ ही दोपहर जोबनेर रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ नसियां जी पर श्री दिगम्बर जैन नवयुवक मंडल के तत्वावधान में छोटे बालक-बालिकाओं की खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तत्पश्चात जिनेन्द्र भगवान के अभिषेक हुए। सायंकाल श्री आदिनाथ जिनालय में महाआरती का आयोजन किया गया।

नाकाबंदी लगा पुलिस ने 50 वाहनों के चालान काटे

मालपुरा, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशों पर एएसपी राकेश कुमार बैरवा एवं डीवाईएसपी सुशील मान के आदेशों पर थानाधिकारी कैलाश विश्नोई के निर्देशन में एसआई रतन सिंह तंवर ने पुलिस टीम के साथ अजमेर रोड के चौराहे पर नाकाबंदी लगा यातायात नियमों का

- अवैध शराब परिवहन करते दो जनों को गिरफ्तार किया

उल्लघंन कर रहे 50 वाहनों के चालान काट जूर्माना राशि वसूली तो वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन किये जाने की समझाईश भी की गई।

टोडारायसिंह थाना पुलिस ने नांकाबंदी कर अवैध शराब का परिवहन करते दो लोगों को गिरफ्तार कर दो पेटी

मालपुरा थाना पुलिस ने नाकाबंदी लगा लापरवाह वाहन चालको के चालान काटे।

देशी शराब की जब्त की। थानाधिकारी बृजेश कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधिक्षक के आदेशानुसार अवैध शराब परिवहन रोकथाम को लेकर एसआई हेमराज द्वारा पुलिस टीम के साथ की गई नांकाबंदी व मुखबीर की सुचना पर दो अलग-अलग जगह पर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब परिवहन करते रामप्रसाद खटीक निवासी पनवाडा थाना देवली व कन्हैयालाल खटीक निवासी वार्ड न. 13 टोडारायसिंह को गिरफतार कर दो पेटी अवैध देशी शराब की जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

संगोष्ठी का आयोजन

चाकसू, (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सामाजिक सद्भाव संगोष्ठी का आयोजन किया।

संगोष्ठी में सर्व समाज के 30 अध्यक्ष, समाजसेवी प्रबुद्ध नागरिक ने भाग लिया एवं स्वयं के समाज के साथ सर्वसमाज उत्थान और विकास के लिये एक दूसरे का क्या सहयोग हो सकता है इसके लिए विचार विमर्श एवं सुझाव दिए और अब तक जो समाज में सुधार के कार्य हुए हैं उनके ऊपर प्रकाश डाला एवं समय समय पर इस तरह की संगोष्ठी का आयोजन करते रहने पर सहमति व्यक्त की। संगोष्ठी में संघ के सांगानेर विभाग सम्पर्क प्रमुख राजीव चौहान ने बताया कि हिन्दू समाज के विभिन्न समुदायों में परस्पर संवाद, समन्वय एवं सहयोग की वर्तमान परिस्थितियों में बहुत आवश्यकता है इसके लिए हम सभी को अपना अपना दायित्व निभाना होगा। मुख्य अतिथि के रूप में जूना अखाड़ा गणेशपुरी धाम चाकसू के महंत राजेन्द्रपूरी महाराज ने कहा कि हिन्दू समाज के संगठन एवं एकता की आवश्यकता है।

नई शिक्षा नीति को लेकर कार्यशाला जारी

फुलेरा। कस्बे की बालाजी रोड स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर पर विद्या भारती संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन विषय पर आधारित प्रांत स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षक की 5 दिवसीय कार्यशाला में गुरुवार को विद्या भारती राजस्थान के संगठन मंत्री शिव प्रसाद ने प्रेसवार्ता में बताया कि शिक्षा पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त करने और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, वैश्विक मंच पर सामाजिक न्याय और समानता, वैज्ञानिक उन्नित, राष्ट्रीय एकीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण के संदर्भ में भारत की सतत प्रगति और आर्थिक विकास की पूंजी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इक्कीसवीं शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है। जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना है यह नीति भारत की परंपरा और सांस्कृतिक

- 'शिक्षा पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त करने और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक'

मूल्यों के आधार को यथावत रखते हुए 21 वीं सदी की शिक्षा के लिए आकांक्षात्मक लक्ष्यों का निर्धारण करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में विद्या भारती प्रभावी ढंग से प्रयास कर रही है। मातृभाषा में शिक्षा को विद्या भारती में सर्वोपरि माना गया है। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर आदर्श विद्या मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुमावत, रामपाल प्रजापति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

लैब टेक्नीशियन दिवस मनाया

टोंक। सआदत अस्पताल टोंक में जकरियां जैनसन की याद में विश्व लेब टेक्नीशियन दिवस मनाया गया। इस अवसर जिला स्तरीय समारोह में समस्त लैब लेक्नीशियन ने अपना कार्य पूरी समर्पण भावना से करने एवं मरीज को समय पर सटीक जांच देने का संकल्प लिया। क्योकि जांच ही मरीज का इलाज का निर्धारण करती है। इस अवसर पर मरीजों को केले वितरित किए।

समारोह में उपनियंत्रक डॉ. चेतन जैन, नर्सिंग अधीक्षक रामस्वरुप सैनी ने कोरोना महामारी में लेब टेक्नीशियन द्वारा किए गए कोविड सैम्पलिंग व टेस्टिंग कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भंवरलाल जाट, पूर्व जिलाध्यक्ष पूरणमल कादी, जिला मंत्री ओमप्रकाश बैरवा, मीडिया प्रभारी अजय मेहरा, विपिन जैन, मदनलाल बैरवा, रामकिशोर बैरवा, हंसराज यादव, बसंत कोठारी, सीताराम बैरवा, सुमेरसिंह, मनीष शर्मा आदि लेब टेक्नीशियन ने संबोधित कर बधाई दी।

राठौड़ के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम होंगे

पावटा, (निसं)। राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं विधायक राजेंद्र सिंह राठौड के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शनिवार को पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल के नेतृत्व में होटल होली डे फन में भव्य स्वागत कार्यक्रम व विशाल बाईक रैली का आयोजन किया जायेगा।

- स्वागत कार्यक्रम, विशाल बाइक रैली व रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा

गोपाल अग्रवाल ने बताया कि राठौड के जन्मदिवस पर होटल होली डे फन में भव्य स्वागत कार्यक्रम के साथ केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया जायेगा। वहीं स्वागत कार्यक्रम के बाद होटल होली डे फन से विशाल बाइक रैली के साथ राठौड पावटा भूमिका प्लाजा स्थित एस जी एन हॉस्पिटल में पहुंचेगे जहां सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड ने बताया कि राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं विधायक राजेंद्र सिंह राठौड का भव्य स्वागत के साथ पावटा भूमिका प्लाज़ा स्थित एस जी एन हॉस्पिटल में विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजेंद्र सिंह राठौड शेखावाटी ही नहीं राजस्थान के सर्वमान्य और युवाओं के मार्गदर्शक नेता के रूप में विख्यात हैं उनके जन्मदिवस पर रक्तदान का शिविर आयोजित कर रक्तदान के प्रति युवाओं को एक सार्थक सन्देश देना है कि रक्तदान जीवनदान है।

साम्प्रदायिकता भड़काने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

टोंक, (निसं)। मुस्लिम समाज के लोगों ने साम्प्रदायिकता भड़काने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर प्रतिनिधि तहसील टोंक रजिस्ट्रार प्रहलादसिंह को ज्ञापन दिया।

अकरम खान, राशिद खान, मो. आरिफ, लियाकत, इमरान, इमरान, फैजान, समीर, नवेद खान, अरबाज आदि ने राष्ट्रपति के नाम दिए ज्ञापन में गुजरात, झारखंड, मध्यप्रदेश, बिहार, पश्चिमबंगाल में रामनवमी के जुलूस के दौरान हुई हिंसा को लेकर ध्यान दिलाते हुए बताया कि ऐसा लगा रहा था कि कुछ वर्गों द्वारा धार्मिक आयोजनों को हिंसक बनाने के लिए ठोस सामूहिक प्रयास किए गए थे। जबकि देश में सैंकड़ों विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन और त्यौहार नियमित रुप से शांतिपूर्वक सम्पन्न होते हैं। परंपरागत रुप से ऐसे आयोजनों को समुदायों के बीच

टोंक में मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर प्रतिनिधि प्रहलादसिंह को ज्ञापन दिया।

सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने के अवसरों के रुप में देखा जाता था। देश के कई हिस्सो में साम्प्रदायिक कट्टरपंथी त्यौहारोक का दुरुपयोग कर अन्य समुदायों के खिलाफ नफरत और हिंसा फैलाने का काम कर रहे है। रामनवमी उत्सव जुलूसो के दौरान में देश में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ

- मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

व्यापक उकसावे, हिंसा और विनाश देखा गया।

राजस्थान, मध्यप्रदेश की घटनाओं में मस्जिदों, घरों और मुसलमानों की सम्पतियों पर हमला किया गया और उन्हें तबाह कर दिया। इन घटनाओं में से अधिकतर को जरुरी सावधानियों और पुलिस व अधिकारियों के समय पर हस्तक्षेप से टाला जा सकता था, पर ऐसा नहीं हुआ। घटनाओं के बाद पुलिस की कार्यवाही अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव पूर्ण है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे भडकाने वालों और सदभाव को बिगाडने वालों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

एक किलो अफीम बरामद, दो गिरफ्तार, कार जब्त

निवाई। डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम व बरोनी थाना पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर नेशनल हाईवे पर पहाडी कट के समीप से एक किलो अफीम के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर कार भी जप्त की है।

बरोनी थानाधिकारी जगदीश मीणा ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम के प्रभारी उदयवीर सिंह के साथ पुलिस ने गश्त के दौरान पहाडी कट पर जयपुर की ओर से आ रही सफेद रंग की कार को रूकवाया। कार में सवार लोगों से पुलिस ने पूछताछ की लेकिन दोनों ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस पर पुलिस ने कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक किलो अफीम बरामद हुई। उन्होंने बताया कि अफीम का बाजार मूल्य करीब पांच लाख है। थानाधिकारी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में शंकरलाल जाट निवासी तामडिया चाकसू व बाबूलाल जाट निवासी सूरतरामपुरा दत्तवास निवाई को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें अफीम का पैकेट जयपुर में किसी ने दिया था।

स्कूल में चिल्ड्रन पार्क बनवाने पर भामाशाह का अभिनन्दन

सांभरझील, (निसं)। डॉ. जगदीश नारायण व राजेश जाजू द्वारा अपने माता पिता की पुण्यस्मृति में दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में चिल्ड्रन पार्क का निर्माण करवाकर स्कूल प्रशासन को भेंट करने के उपलक्ष में उनका जोरदार अभिनन्दन किया गया।

बताया जा रहा है कि इसके निर्माण पर करीब दो लाख रूपये खर्च हुये हैं। इस स्कूल में पढने वाले सैंकडों विद्यार्थियों को इसका प्रत्यक्ष रूप से फायदा मिलेगा। इससे पहले यह व्यवस्था यहां पर नहीं थी, लेकिन उक्त भामाशाहों से स्कूल प्रशासन की ओर से आग्रह कर इस कमी को दूर करवाये जाने का खास अनुरोध किया गया था। बता दें कि सांभर निवासी डॉ. जाजू वर्तमान में इंग्लेण्ड में अपनी सेवायें दे रहे है। स्कूल में इस पार्क बनने के बाद बच्चे अब खेल का आनन्द भी ले सकेंगे और उनका शारीरिक विकास भी तेजी से बढेगा। इस अवसर पर उपखण्ड

सांभर में भामाशाह की ओर से पार्क बनवाये जाने पर स्कूल प्रशासन की ओर से उनका अभिनन्दन किया गया।

अधिकारी प्रकाशचन्द रैगर ने फीता काटकर बाल उद्यान का उद्घाटन किया। भामाशाह परिवार का सम्मान किया गया। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. महेश वर्मा, गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या उर्मिला वर्मा, नगर कांग्रेस एरिया कमेटी के महामंत्री नाथूलाल गट्टानी, आरएसएस के मनीष सूंठवाल, नेता प्रतिपक्ष अनिल गट्टानी, बृजकिशोर शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र डांगरा, सुशील गट्टानी, एनएसयूआई के पदाधिकारी ललित मांधना, अमित शर्मा, मुंशी मण्डल के पूर्व अध्यक्ष गोविन्द मांधना, व्याख्याता प्रतिभा सैनी, ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष कमल शुक्ला, सहित अनेक गणमान्य लोगों व स्कूल स्टॉफ की मौजूदगी रही।